‘ओरो स्कॉलर’और ‘प्रोजेक्ट इन्क्ल्यूजन’ कार्यक्रम शुरू

चर्चा में क्यों?

11 फरवरी, 2022 को छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने अपने निवास कार्यालय में राज्य के कक्षा पहली से बारहवीं तक के स्कूली बच्चों के लिये ‘ओरो स्कॉलर’और विशिष्ट आवश्यकताओं वाले बच्चों के लिये ‘प्रोजेक्ट इन्क्ल्यूजन’कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- ओरो स्कॉलर कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चे क्विज प्रतियोगिता में शामिल होकर हज़ारों रुपए की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकेंगे।
- इसी प्रकार प्रोजेक्ट इन्क्ल्यूजन कार्यक्रम विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें सामान्य बच्चों के साथ लाने के लिये है।
- ये दोनों कार्यक्रम श्री अरबिंदो सोसायटी के माध्यम से संचालित किये जाएंगे।
- मंत्री डॉ. टेकाम ने बताया कि ओरो स्कॉलर कार्यक्रम कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिये है। इसमें बच्चे ओरो स्कॉलर ऐप में अपना पंजीयन कर 20 क्विज में हिस्सा ले सकते हैं। प्रत्येक क्विज में 80 प्रतिशत अंक लाने पर उन्हें 50 रुपए प्राप्त होंगे। 20 क्विज में से सभी में 80 प्रतिशत अंक लाने पर एक माह में बच्चे को एक हज़ार रुपए मिलेंगे।
- क्विज से प्राप्त पैसों से बच्चे न केवल आगे की पढ़ाई का खर्च स्वयं वहन करने में सक्षम हो सकेंगे, बल्कि अपने परिवार को भी आर्थिक सहयोग प्रदान कर सकेंगे।
- प्रोजेक्ट इन्क्ल्यूजन कार्यक्रम के अंतर्गत अरबिंदो सोसायटी द्वारा शिक्षकों को शारीरिक और मानसिक रूप से किसी-न-किसी रोग से ग्रस्त बच्चों की पहचान करना तथा उनके कमज़ोर क्षेत्रों को कैसे सुधारा जाए, इसकी जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दी जाएगी। शिक्षक प्रशिक्षण लेने के बाद ऐसे बच्चों की पहचान कर उनकी खामियों को दूर कर उन्हें सामान्य बच्चों की तरह ही सीखने लायक बना सकेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/oro-scholar-and-project-inclusion-programs-started